23.12.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–पिछले डेढ़ साल में देश में करीब 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई।

○ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर में बनने वाले राजस्थान मंडपम् के मास्टर प्लान की समीक्षा की।

○ राज्य में मौसम बदला– कई स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज।

○ केन्द्र सरकार ने पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को अगली कक्षा में अपग्रेड करने की नीति खत्म की।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले डेढ़ साल में देश में करीब 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। श्री मोदी ने आज रोजगार मेले के तहत वीडियो कांफ्रेंन्स के माध्यम से 71 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये रोजगार पूरी पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उन्होंने नवनियुक्तकर्मियों समर्पण और सत्यनिष्ठा के साथ देश की सेवा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को सशक्त बना रहे हैं और संभावनाओं के द्वार खोल रहे हैं।

......................

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की नीतियों और निर्णयों के कारण ग्रामीण भारत में रोजगार और स्वरोजगार के नये अवसर मिल रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने मातृभाषाओं में शिक्षा और परीक्षा की अनुमति देकर तथा 13 भाषाओं में भर्ती परीक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल की है। गौरतलब है कि रोजगार मेले की शुरूआत अक्टूबर 2022 में हुई थी। अब तक 50 शहरों में राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे 13 रोजगार मेले लगाए जा चुके हैं। देशभर में आज 45 स्थानों पर रोजगार मेले आयोजित किये गये। प्रदेश में अजमेर और जोधपुर में ये मेले लगाये गये। अजमेर में सीआरपीएफ केन्द्र में केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने 700 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। वहीं जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल सीमान्त मुख्यालय में केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने 200 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये।

इस मौके पर श्री शेखावत ने युवाओं से पूरे समर्पण के साथ देश की सेवा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने कर्मयोगी पोर्टल की शुरूआत की है। इस पर उपलब्ध कोर्सेज के जरिये भी युवा अपनी कार्य क्षमता बढा सकते हैं।

......................

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज राजस्थान मंडपम के निर्माण की तैयारियों को लेकर बैठक की। श्री शर्मा ने कहा कि दिल्ली के भारत मंडपम की तर्ज पर बनने वाला राजस्थान मंडपम कला, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने वाला केन्द्र बनेगा। उन्होंने कहा कि जयपुर में बनने वाले इस मंडपम को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस बनाया जाएगा। इसमें आधुनिक तकनीक और परंपरागत राजस्थानी वास्तुकला का बेहतरीन संयोजन होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि मंडपम में स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए युनिटी मॉल भी बनाया जाएगा। मेक इन इण्डिया और वन–नेशन–वन प्रोडक्ट के तहत इसके जरिये देशी उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा। श्री शर्मा ने मंडपम के मास्टर प्लान की समीक्षा की और अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से इसे पूरा करने के निर्देश दिये। बैठक में उच्च अधिकारियों के साथ रीको के प्रबन्ध निदेशक और एनबीसीसी के

निदेशक भी मौजूद रहे। वहीं मुख्यमंत्री निवास पर तनोट माता मन्दिर क्षेत्र के मास्टर प्लान को लेकर भी बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि तनोट माता मन्दिर राजस्थान के धार्मिक और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक है इसे विश्वस्तरीय धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने मन्दिर क्षेत्र में एडवेंचर स्पोर्ट्स और डेजर्ट सफारी शुरू करने सहित अन्य सुविधाओं की भी समीक्षा की।

000

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राज्य सरकार के एक साल के कार्यकाल की सराहना की है। आज जयपुर में प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए श्री राठौड ने कहा कि भजन लाल सरकार का कार्यकाल लोगों में खुशहाली लेकर आया है। उन्होंने सुशासन दिवस और वीर बाल दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की भी जानकारी दी।

..................

000

पाली जिले के नीमली औद्योगिक क्षेत्र को और अधिक विकसित किया जाएगा। यहां सोलर हब बनेगा। इसके साथ ही प्रदूषण रहित औद्योगिक इकाइयां भी लगायी जायेंगी। विधायक भीमराज भाटी ने बताया कि इससे आने वाले समय में करीब साढे सात हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

..................

000

..................

राज्य में कई स्थानों पर आज मौसम में बदलाव हुआ। सवाईमाधोपुर, चूरू, झुन्झुनू, बीकानेर और श्रीगंगानगर सहित कुछ स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। झुन्झुनू के चिडावा, मण्डावा और बुहाना सहित कुछ इलाकों में देर रात से ही शुरू हुआ हल्की बारिश का दौर रूक–रूक कर जारी रहा। सबसे ज्यादा 10 मिलीमीटर बरसात चूरू के तारानगर में हुई। राजधानी जयपुर में भी सुबह कई जगह छीटें पड़े। वहीं राज्य के पश्चिमी हिस्सों में कहीं–कहीं घना कोहरा छाया रहा। बीते चौबीस घंटों में प्रदेश में न्यूनतम तापमान में बढोतरी होने से लोगों को सर्दी से थोड़ी राहत मिली है। अलवर में आज न्यूनतम तापमान 7 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस रहा। करौली और जोधपुर में 9 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस तापमान न्यूनतम तापमान रिकार्ड हुआ। इसके अलावा सभी स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आज कोटा, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

000

पूर्व प्रधानमंत्री और किसान नेता चौधरी चरण सिंह की जयंती आज देशभर में किसान दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर झुन्झुनू में प्रभात फेरी निकाली गई। वहीं महर्षि दयानन्द गर्ल्स कॉलेज में उनके व्यक्तित्व पर संगोष्ठी रखी गई। अलवर में भी राष्ट्रीय किसान दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। जाट भवन में हुए इस समारोह में केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। पाली में भी राष्ट्रीय किसान दिवस के मौके पर श्री चौधरी को याद किया गया। ससंदीय कार्य विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने सादडी में गायों को गुड खिलाया। इस अवसर पर श्री पटेल ने लोगों से अधिक से अधिक पशुपालन करने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी। वहीं कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से महिला किसानों को खेती की नई तकनीकों का भी प्रशिक्षण दिया गया।

000

प्रदेशभर में सड़क हादसों की रोकथाम के लिए आज से सड़क सुरक्षा जन चेतना अभियान की शुरूआत की गई। ये अभियान 30 दिसम्बर तक चलेगा। खेल और युवा मामले विभाग के शासन सचिव डॉ. नीरज के. पवन ने बताया कि इस दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। स्काउट गाइड के साथ ही स्वयं सेवी संगठनों की ओर से रोचक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसी कड़ी में केकडी में आज जागरूकता रैली निकाली गई। जिला और सत्र न्यायाधीश प्रवीण कुमार वर्मा ने इसे हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर न्यायाधीश वर्मा ने सड़क सुरक्षा नियमों की पालना पर जोर दिया।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा महोत्सव का शुभारंभ किया। तीन दिन तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान विभिन्न कार्यक्रम होगें। आज चम्बल आरती और दीपदान किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर अपने सम्बोधन में श्री बिरला ने कहा कि सभी को सकारात्मकता के साथ कोटा के पर्यटन स्थलों का प्रचार–प्रसार करना चाहिए। इसमें डिजिटल तकनीक का भी सहारा लेना चाहिए।

..................

000

केंद्र सरकार ने पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विदयार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने वाली नीति खत्म कर दी है। शिक्षा सचिव संजय कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में फैल होने वाले विद्यार्थियों को दो महीने के भीतर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा। दोबारा परीक्षा के बाद अगर वे फिर से फेल होते हैं तो उन्हें अगली कक्षा में प्रोन्नत नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन विदयार्थियों को उनकी प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक स्कूल से नहीं निकाला जाएगा। सचिव ने बताया कि यह फैसला बच्चों में सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए लिया गया है।

000